सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-84**
10/02/2018

मुख्यमंत्री ने कबीर वाटिका के सौंदर्यीकरण का किया उद्घाटन

पटना 10 फरवरी, 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार विधान परिषद परिसर में कबीर वाटिका के सौंदर्यीकरण का उद्घाट्न किया। उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने वाटिका का भ्रमण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद के उप सभापति श्री हारून रसीद, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय, विधान पार्षद कुमार श्री संजय कुमार उर्फ गांधी जी सहित अन्य विधान पार्षद एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

बाद में मुख्यमंत्री ने वर्तमान विधानसभा से नए विधानसभा भवन के बीच लिंक मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद विधानसभा परिसर के कैंटिन का भी निरीक्षण किया। विधान परिसर के बाहर सुरक्षा हेतु स्थायी रुप से पुलिस नियुक्त करने का जिलाधिकारी को निर्देश दिया।

******